>

Title: Need to expedite the construction of Railway Over Bridge at Rangpur, Kota district, Rajasthan.

श्री रघुवीर सिंह कौशल (कोटा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र यथा कोटा, बूंदी, बारां तथा सम्पूर्ण कोटा मण्डल और व्यापक रूप में सारे देश में ही रेलवे के समपार फाटकों के कारण आवागमन की भारी समस्या है। रेलवे ने रेल लाइनों के निर्माण के दौरान स्थान स्थान पर अंडर ब्रिज छोड़े होते तो शायद यह समस्या इतनी गंभीर और व्यापक नहीं होती। किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने के लिए या तो मीलों चक्कर लगाना पड़ता हे या घंटों तक फाटकों पर खड़े रहना पड़ता है। शहरी क्षेत्रों में भी ऐसे कई फाटक हैं, जो एक बार में ही कई-कई घंटे बंद रहते हैं।

कोटा के शहरी क्षेत्र में ऐसे ही एक समपार फाटक पर रंगपुर रोड़ रेलवे ऑवर ब्रिज निर्माणाधीन है जो लगभग 9 वÂÂ◌ा◌ा◌ौ से बन रहा है। राज्य सरकार का काम लगभग 4 वÂÂ◌ाऩ पूर्व पूरा हो चुका है, रेलवे को बहुत कम काम करना था, मगर वह भी पूरा नहीं हो पा रहा है। जोन महाप्रबंधक और मण्डल रेल प्रबंधक कई बार इसे शीघ्र चालू करवाने कि बात कह चुके हैं। मगर यह अभी तक चालू नहीं हो सका है। इसी क्षेत्र में रेलवे कालोनियों हेतु एक अंडर ब्रिज मंजूर है, किंतु तीन साल से इसके टेंडर नहीं हो पा रहे हैं, अर्थात समपार फाटकों के विकल्पों के निर्माण की गति अत्यंत धीमी हे, जनता के लिए कÂटप्रद है।

मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि रेलवे को समपार फाटकों, ऑवर ब्रिजों और अंडर ब्रिजों के प्रति गतिशील, संवेदनशील और जवाबदेह बनाया जाये।